**Series SOS/2**

Code No. **58/2/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

(i) *All questions in both the sections are compulsory.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each.*

(iii) *Questions No.* ***1 – 5*** *and* ***17 – 21*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

(iv) *Questions No.* ***6 – 10*** *and* ***22 – 26*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

(v) *Questions No.* ***11 – 13*** *and* ***27 – 29*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

(vi) *Questions No.* ***14 – 16*** *and* ***30 – 32*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

(vii) *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) दोनों खण्डों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **17 – 21** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका उत्तर केवल **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।

(iv) प्रश्न संख्या **6 – 10** और **22 – 26** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **11 – 13** और **27 – 29** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **14 – 16** और **30 – 32** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

## SECTION A
## खण्ड अ

**1.** Define microeconomics. *1*

व्यष्टि-अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए ।

**2.** What is market equilibrium ? *1*

बाज़ार संतुलन से क्या अभिप्राय है ?

**3.** Define market demand. *1*

बाज़ार माँग की परिभाषा दीजिए ।

**4.** Give meaning of "Change in quantity supplied". *1*

"पूर्ती मात्रा में परिवर्तन" का अर्थ बताइए ।

**5.** Define 'Revenue'. *1*

'संप्राप्ति' की परिभाषा दीजिए ।

**6.** Explain how a production possibility curve is affected when resources are inefficiently employed in an economy. *3*

यदि अर्थव्यवस्था में संसाधन दक्षता से कार्य न कर रहे हों तो उत्पादन संभावता वक्र पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए ।

**7.** A consumer buys 17 units of a good at a price of ₹ 10 per unit. When price falls to ₹ 8 per unit the consumer buys 23 units. Using the expenditure approach, what will you say about price elasticity of demand of the good ? *3*

एक उपभोक्ता एक वस्तु की ₹ 10 प्रति इकाई कीमत पर 17 इकाइयाँ खरीदता है । जब कीमत गिर कर ₹ 8 प्रति इकाई हो जाती है तो वह 23 इकाइयाँ खरीदता है । व्यय विधि के आधार पर आप वस्तु की माँग की कीमत लोच के बारे में क्या कहेंगे ?

**8.** Giving examples, distinguish between fixed cost and variable cost. *3*

उदाहरण देते हुए स्थिर लागत और परिवर्ती लागत के बीच अंतर बताइए ।

**9.** Draw Total Revenue Curve and Marginal Revenue Curve of a firm which is free to sell any quantity of the good at a given price. Explain. *3*

एक फ़र्म दी गई कीमत पर वस्तु की कितनी भी मात्रा बेचने के लिए स्वतंत्र है । इसका कुल संप्राप्ति वक्र और सीमांत संप्राप्ति वक्र खींचिए । समझाइए ।

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 9.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है ।*

Explain the relation between Total Revenue and Marginal Revenue of a firm which is free to sell any quantity it likes at a given price. *3*

एक फ़र्म दी गई कीमत पर वस्तु की कितनी भी मात्रा बेचने के लिए स्वतंत्र है । फ़र्म की कुल संप्राप्ति और सीमांत संप्राप्ति के बीच सम्बन्ध समझाइए ।

**10.** Explain the implication of the feature 'freedom of entry and exit to firms' under perfect competition. *3*

**OR**

Explain the implication of the feature 'large number of sellers' under perfect competition. *3*

पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत 'फ़र्मों को प्रवेश और निकास की स्वतंत्रता' की विशेषता का परिणाम समझाइए ।

**अथवा**

पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत 'विक्रेताओं की बड़ी संख्या' की विशेषता का परिणाम समझाइए ।

**11.** Derive the inverse relation between price of a good and its demand from the single commodity equilibrium condition 'Marginal utility = Price'. *4*

एक वस्तु संतुलन शर्त 'सीमांत उपयोगिता = कीमत' से वस्तु की कीमत और उसकी माँग के बीच विपरीत सम्बन्ध प्राप्त कीजिए ।

12. Explain how a fall in prices of the related goods affects the demand for the given good. Give example. *4*

सम्बन्धित वस्तुओं की कीमतें कम होने से दी गई वस्तु की माँग पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए और उदाहरण दीजिए ।

13. What is a supply schedule ? Explain how does change in technology of producing a good affect the supply of that good. *4*

**OR**

Define supply curve. How does fall in price of an input affect the supply of the good using that input ? *4*

पूर्ति तालिका क्या है ? प्रौद्योगिकी में परिवर्तन का किसी वस्तु की पूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए ।

**अथवा**

पूर्ति वक्र की परिभाषा दीजिए । एक आगत की कीमत गिरने का उस आगत को प्रयोग में ला रही वस्तु की पूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए ।

14. Giving reason, explain the behaviour of total product under the Law of Variable Proportions. Use diagram. *6*

परिवर्ती अनुपातों के नियम के अन्तर्गत कुल उत्पाद का व्यवहार कारण देते हुए समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

**Note :** *The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 14.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर है ।*

Giving reason, explain the behaviour of total product under the law of variable proportions. Use a schedule. *6*

परिवर्ती अनुपातों के नियम के अन्तर्गत कुल उत्पाद का व्यवहार कारण देते हुए समझाइए । अनुसूची का प्रयोग कीजिए ।

**15.** Explain the conditions of consumer's equilibrium with the help of indifference curve analysis. *6*

अनधिमान वक्र विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता संतुलन की शर्तें समझाइए ।

**16.** Market for a good is in equilibrium. Supply of the good 'decreases'. Explain the chain of effects of this change. Use diagram. *6*

**OR**

Distinguish between 'cooperative' and 'non-cooperative' oligopoly. Explain the following features of oligopoly : *6*

(i) Barriers to the entry of firms

(ii) Non-price competition

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । वस्तु की पूर्ति में 'कमी' आती है । इस परिवर्तन के कारण पड़ने वाले प्रभावों की श्रृंखला समझाइए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए ।

**अथवा**

'सहयोगी' और 'ग़ैर-सहयोगी' अल्पाधिकार के बीच अंतर बताइए । अल्पाधिकार की निम्नलिखित विशेषताएँ समझाइए :

(i) फ़र्मों के प्रवेश में रुकावटें

(ii) ग़ैर-कीमत प्रतियोगिता

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 16.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 16 के स्थान पर है ।*

Market for a good is in equilibrium. Supply of the good 'decreases'. Explain the chain of effects of this change. Use numerical example. *6*

एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । वस्तु की पूर्ति में 'कमी' आती है । इस परिवर्तन के कारण पड़ने वाले प्रभावों की श्रृंखला समझाइए । संख्यात्मक उदाहरण दीजिए ।

## SECTION B
### खण्ड ब

**17.** Define 'capital goods'. *1*

'पूँजीगत वस्तुओं' की परिभाषा दीजिए ।

**18.** Define 'real' gross domestic product. *1*

'वास्तविक' सकल घरेलू उत्पाद की परिभाषा दीजिए ।

**19.** Define Legal Reserve Ratio. *1*

वैध आरक्षित निधि अनुपात की परिभाषा दीजिए ।

**20.** What are demand deposits ? *1*

माँग जमाओं से क्या अभिप्राय है ?

**21.** What is balance of payments ? *1*

भुगतान संतुलन से क्या अभिप्राय है ?

**22.** What are the components of the current account of the balance of payments account ? *3*

भुगतान संतुलन खाते के चालू (पूँजीतर) खाते के घटक बताइए ।

**23.** Explain how 'externalities' are a limitation of taking gross domestic product as an index of welfare. *3*

समझाइए कि किस प्रकार 'बाहरी प्रभाव' सकल घरेलू उत्पाद को कल्याण का सूचक मानने में एक सीमा है ।

**24.** An economy is in equilibrium. Its consumption function is $C = 300 + 0{\cdot}8\ Y$ where C is consumption expenditure and Y is income and investment is ₹ 700. Find national income. *3*

एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है । इसका उपभोग फलन $C = 300 + 0{\cdot}8\ Y$ है जिसमें C उपभोग व्यय और Y आय है और निवेश ₹ 700 है । राष्ट्रीय आय ज्ञात कीजिए ।

**25.** Explain with the help of examples, the distinction between direct tax and indirect tax. *3*

उदाहरणों की सहायता से प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर में अन्तर समझाइए ।

**26.** When price of a foreign currency rises its supply also rises. Explain, why. *3*

**OR**

When price of a foreign currency falls its demand rises. Explain, why. *3*

जब विदेशी मुद्रा की कीमत बढ़ जाती है तो इसकी पूर्ति भी बढ़ जाती है । समझाइए, ऐसा क्यों ।

**अथवा**

जब विदेशी मुद्रा की कीमत कम हो जाती है तो इसकी माँग बढ़ जाती है । समझाइए, ऐसा क्यों ।

**27.** Explain the 'economic stability' objective of a government budget. *4*

**OR**

Explain the 'allocation of resources' objective of a government budget. *4*

सरकारी बजट का 'आर्थिक स्थिरता' उद्देश्य समझाइए ।

**अथवा**

सरकारी बजट का 'संसाधनों का आबंटन' उद्देश्य समझाइए ।

**28.** From the following data about a government budget find (a) revenue deficit, (b) fiscal deficit and (c) primary deficit : *4*

| | | (₹ *arab*) |
|---|---|---|
| (i) | Plan capital expenditure | 120 |
| (ii) | Revenue expenditure | 100 |
| (iii) | Non-plan capital expenditure | 80 |
| (iv) | Revenue receipts | 70 |
| (v) | Capital receipts net of borrowing | 140 |
| (vi) | Interest payments | 30 |

सरकारी बजट के बारे में निम्नलिखित आँकड़ों से (क) राजस्व घाटा, (ख) राजकोषीय घाटा और (ग) प्राथमिक घाटा ज्ञात कीजिए :

| | | (₹ *अरब*) |
|---|---|---|
| (i) | योजनागत पूँजीगत व्यय | 120 |
| (ii) | राजस्व व्यय | 100 |
| (iii) | ग़ैर-योजनागत पूँजीगत व्यय | 80 |
| (iv) | राजस्व प्राप्तियाँ | 70 |
| (v) | उधार छोड़कर पूँजीगत प्राप्तियाँ | 140 |
| (vi) | ब्याज भुगतान | 30 |

**29.** Giving reasons, explain the treatment assigned to the following while estimating national income : *4*

(i) Payment of income tax by a firm

(ii) Festival gift to employees

कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाता है :

(i) फ़र्म द्वारा आयकर का भुगतान

(ii) कर्मचारियों को त्यौहार पर उपहार

**30.** Explain the role of the following in correcting deficient demand in an economy : *6*

(i) Government expenditure

(ii) Legal reserve

**OR**

Explain the role of the following in correcting inflationary gap in an economy : *6*

(i) Open market operations

(ii) Government expenditure

एक अर्थव्यवस्था में अभावी माँग दूर करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए :

(i) सरकारी व्यय

(ii) वैध आरक्षित निधि

**अथवा**

एक अर्थव्यवस्था में स्फीतिकारी अंतर दूर करने में निम्नलिखित की भूमिका समझाइए :

(i) खुली बाज़ार कार्रवाई

(ii) सरकारी व्यय

**31.** How do commercial banks create credit ? *6*

व्यावसायिक बैंक साख निर्माण कैसे करते हैं ?

**32.** Calculate National Income and Personal Disposable Income from the following : *6*

| | | (₹ *crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Personal tax | 150 |
| (ii) | Net imports | (–) 10 |
| (iii) | Private final consumption expenditure | 700 |
| (iv) | Private income | 600 |
| (v) | Undistributed profit | 20 |
| (vi) | Net domestic capital formation | 120 |
| (vii) | Government final consumption expenditure | 200 |
| (viii) | Net factor income to abroad | (–) 5 |
| (ix) | Corporation tax | 100 |
| (x) | Net indirect tax | 105 |

निम्नलिखित से राष्ट्रीय आय और वैयक्तिक प्रयोज्य आय परिकलित कीजिए :

| | | (₹ करोड़) |
|---|---|---|
| (i) | वैयक्तिक कर | 150 |
| (ii) | निवल आयात | (–) 10 |
| (iii) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 700 |
| (iv) | निजी आय | 600 |
| (v) | अवितरित लाभ | 20 |
| (vi) | निवल देशीय पूँजी निर्माण | 120 |
| (vii) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 200 |
| (viii) | विदेशों को निवल कारक (साधन) आय | (–) 5 |
| (ix) | निगम कर | 100 |
| (x) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 105 |